## दिनांक-02.04.2026 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही

मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, पटना परिक्षेत्राधीन बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल, बक्सर के अधीन भोजपुर जिला के शाहपुर प्रखंड अन्तर्गत गंगा नदी के दायाँ तटबंध पर बक्सर कोईलवर गंगा तटबंध के कि0मी0 58.00 से कि0मी0 59.20 के बीच गंगापुर, भुसावला, नंदपुर और दामोदरपुर (जवईनिया) के समीप कटाव निरोधक कार्य (एजेण्डा संख्या-244/38/2026) (निविदा आमंत्रण सूचना संख्या-02SBD/2025-26) के निविदा के तकनीकी बीड पर विभागीय तकनीकी बीड मूल्यांकण समिति से प्राप्त अनुशंसा पर विचार करने हेतु विभागीय निविदा समिति की बैठक दिनांक-02.04.2026 को सम्पन्न हुई, जिसमें निम्नांकित पदाधिकारियों द्वारा भाग लिया गया ।

(i) श्री संतोष कुमार मल्ल, प्रधान सचिव, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना ।

(ii) श्री वरूण कुमार, अभियन्ता प्रमुख, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, पटना।

(iii) श्री एजाज कलीम, मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, पटना ।

(iv) श्री अरविन्द कुमार वर्मा, आंतरिक वित्तीय सलाहकार, जल संसाधन विभाग, पटना ।

### तकनीकी बीड

2.

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | कार्य का नाम | :- | भोजपुर जिला के शाहपुर प्रखंड अन्तर्गत गंगा नदी के दायाँ तटबंध पर बक्सर कोईलवर गंगा तटबंध के कि0मी0 58.00 से कि0मी0 59.20 के बीच गंगापुर, भुसावला, नंदपुर और दामोदरपुर (जवईनिया) के समीप कटाव निरोधक कार्य (एजेण्डा संख्या-244/38/2026)। |
| (ii) | स्वीकृत परिमाण विपत्र की राशि | :- | रु0 5208.42659 लाख |
| (iii) | निविदा प्रकाशन का विवरण | :- | प्रभात खबर समाचार पत्र, दिनांक-27.02.2026 (पी0आर0 नं0-025148 (WRD) 2025-26) |
| (iv) | निविदा प्राप्ति की तिथि | :- | दिनांक 24.02.2026 |
| (v) | प्राप्त निविदाओं की सं0 | :- | 02 अदद । |
| (vi) | निविदा की प्रक्रिया | :- | ई-टेन्डरिंग । |
| (vii) | एन0 आई0 टी0 सं0 | :- | 02SBD/2025-26 |
| (viii) | प्रमंडल का नाम | :- | बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल, बक्सर । |
| (ix) | प्रशासनिक स्वीकृति का प्रसंग एवं राशि | :- | प्रशासनिक स्वीकृति प्रक्रियाधीन । विभागीय पत्रांक-658 दिनांक-23.02.2026 से गो-अहेड निर्गत। |

**3.विभागीय निविदा समिति की समीक्षा :-**

दिनांक-25.03.2026 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकण समिति द्वारा मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, पटना से प्राप्त निविदा अभिलेखों की समीक्षा के आधार पर स्थिति निम्नवत् है :-

(i) अरिहन्त कॉन्ट्रैक्टर्स प्रा0लि0, वीरपुर, सुपौल :-इनके द्वारा समर्पित अभिलेख में बीड कैपेसिटी वांछित अर्हत्ता से कम है । अत: ये तकनीकी बीड की सभी वांछित अहर्ताएं पूर्ण नही करते है।

(II) सिंधुजा इंजीनियर्स एण्ड कॉन्ट्रैक्टर्स प्रा0लि0, टेकारी, गया :- इनके द्वारा तकनीकी बीड की सभी वांछित अहर्ताएं पूर्ण की गयी है।

4. विभागीय निविदा समिति का निर्णय :-

विभागीय निविदा समिति द्वारा समीक्षोपरान्त तकनीकी बीड मूल्यांकण समिति की अनुशंसा पर सहमति देते हुए विषयक कार्य की निविदा में सम्मिलित कुल दो (02) अदद् निविदादाताओं में से कुल एक (01) अदद् निविदादाता यथा 1. सिंधुजा इंजीनियर्स एण्ड कॉन्ट्रैक्टर्स प्रा0लि0, टेकारी, गया तकनीकी बीड में सफल पाये गये।

विभागीय निविदा समिति द्वारा समीक्षोपरान्त तकनीकी बीड मूल्यांकण समिति की अनुशंसा पर सहमति देते हुए पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अधिसूचना संख्या-3162 (s) दिनांक-09.05.2016 की कंडिका-3 के आलोक में मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, पटना को तकनीकी बीड में सफल 01 (एक) अदद् निविदादाता यथा (1) **सिंधुजा इंजीनियर्स एण्ड कॉन्ट्रैक्टर्स प्रा0लि0, टेकारी, गया** से इस आशय की सहमति कि "यदि उनके द्वारा उद्धृत दर परिमाण विपत्र की दर से अधिक पाया जाता है तो वे यह कार्य परिमाण विपत्र की दर/ वार्तालापित दर पर कार्य करने के लिये सहमत होंगे" लेने के उपरान्त ही उनका वित्तीय बीड खोलकर विभागीय निविदा समिति के समक्ष समर्पित करने हेतु निदेशित किया गया।

02/04/26

(अरविन्द कुमार वर्मा)
आंतरिक वित्तीय सलाहकार,
जल संसाधन विभाग, पटना

(एजाज कलीम)
मुख्य अभियंता,
बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण,
जल संसाधन विभाग, पटना

02/04/2026

(वरूण कुमार)
अभियन्ता प्रमुख,
बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण,
जल संसाधन विभाग, पटना

(संतोष कुमार मल्ल)
प्रधान सचिव,
जल संसाधन विभाग, पटना

पत्रांक:-बाढ़(मो0)सिं0नि0-76/2026 1252 पटना/ दिनांक- 02/04/2026

प्रतिलिपि:- मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित। अनुरोध है कि विभागीय पत्रांक-786 दिनांक-06.02.2025 के आलोक में भी आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाय।

2/4/26

अधीक्षण अभियन्ता,
बाढ़ नियंत्रण योजना एवं मोनिटरिंग अंचल,
सिंचाई भवन, पटना।

पत्रांक:-बाढ़(मो0)सिं0नि0:-76/2026 1252 पटना/ दिनांक- 02/04/2026

प्रतिलिपि:- कार्यपालक अभियंता, आई0टी0, जल संसाधन विभाग, पटना को विभागीय वेबसाईट पर प्रकाशित करने हेतु प्रेषित।

2/4/26

अधीक्षण अभियन्ता,
बाढ़ नियंत्रण योजना एवं मोनिटरिंग अंचल,
सिंचाई भवन, पटना।